*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## अभिनय कला संवाद की प्रभावी कला है - के.आर. उपेंद्र

वर्धा – दिनांक 19 अगस्त 2015 – अभिनय कला संवाद की एक प्रभावी कला है। यह कला 'आत्मा' और 'जन' को जोडती है। इसलिए अभिनय एक 'आत्मीय' और 'व्यावहारिक' कला-माध्यम है। यह विचार अभिनय कला विशेषज्ञ के.आर. उपेंद्र, बैंगलार ने व्यक्त किए।



प्रदर्शनकारी कला, फिल्म और नाटक विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय 'अभिनय कार्यशाला' के उदघाटन तथा प्रशिक्षक के रूप में के.आर. उपेंद्र छात्रों को मार्गदर्शन कर रहे थे। उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा ने की। इस अवसर पर अतिथि के रुप में डॉ. अविचल गौतम उपस्थित थे।

'कार्यशालाएं' छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव बढाने में उपयोगी होती है। छात्रों को अपने आप तराशने का मौका यह 'अभिनय कार्यशाला' देगी, यह विश्वास प्रो. सुरेश शर्मा ने व्यक्त किया।

कार्यशाला के संयोजक तथा विभाग के पाठ्यक्रम संचालन के प्रभारी अध्यापक डॉ. सतीश पावड़े ने प्रस्तावना पाठ एवं आभार ज्ञापन किया। यह कार्यशाला 19 से 28 अगस्त सुबह 6 से रात्री 8 बजे तक चलेगी।



प्रो. के.आर. उपेंद्र फाऊंडेशन फॉर आर्टीस्ट एडं क्राफटमैन्स इम्पावरमेंट,इंडिया के राष्ट्रीय निर्देशक है। राष्ट्रीय ड्रामा थेरेफिस्ट है। अझिम प्रेमजी फाउंडेशन के थिएटर कसंल्टेंट है। पिछले 20 सालों से नाटक के प्रशिक्षक के रुप में देश-विदेश में कार्य कर रहे है। ओटटो हबर (नाट्य निर्देशक – स्वीझरलैंड), डॉन् वोलमेन (इजराएल) जैसे विश्व प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक के साथ वे काम कर चुके है।